-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 25.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के दृष्टिगत भारी पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में की गई पैदल गस्त साथ ही डॉग स्क्वायड, बीडीएस चेकिंग टीम, एलआईयू के साथ रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर की गई सघन चेकिंग।**

विवरण- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज दिनांक 25.01.2025 को जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा शहर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त की गई। इस दौरान डॉग स्क्वायड, बीडीएस चेकिंग टीम, एलआईयू की टीम के साथ बस स्टैण्ड पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई तत्पश्चात रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले लोगों तथा यात्रियों से पूछताछ करते हुए विनम्रता के साथ चेकिंग की गई। रेलवे स्टेशन पर खड़ी दो ट्रेनों में यात्रियों से शालीनता के साथ चेकिंग की गई। रेलवे स्टेशन परिसर में लावारिस वस्तुओं, सामानों के साथ-साथ वाहन स्टैण्ड आदि पर चेकिंग की गई। रेलवे स्टेशन के उपरांत शहर क्षेत्र में बाबूलाल चौराहा, मुख्य बाजार आदि भीड-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त करते हुए लोगों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया गया। इस दौरान श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक बांदा व अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को निर्देशित किया गया कि लगातार होटलों. ढाबों, रेस्टोरेंटो तथा लॉजों को लगातार चेक करते रहें। इस दौरान सोशल मीडिया सेल को निर्देशित किया गया कि सोशल मीडिया पर सतत सतर्क निगरानी की जाए तथा भ्रामक खबरों का तत्काल खण्डन किया जाये साथ ही भ्रामक खबर चलाने वालों पर कार्यवाही की जाए।